साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करेंगे

जयपुर (कासं)। राजस्थान में साइबर अपराधों के खिलाफ बुलंद रहने वाली एक युवा आवाज "व्हाट नॉउ" ने ऐलान किया कि उन्होंने "महाराजाओं की धरती" राजस्थान में, हर कीमती जिंदगी को साइबर बुलिंग के खतरे से बचाने और सुरक्षित रखने के लिए साइबर हैरेसमेंट, साइबर बुलिंग के खिलाफ एक राज्यव्यापी अभियान शुरू कर दिया है। व्हाट नॉउ के को-फाउंडर और एयू कॉर्पोरेट एडवाइजरी एंड लीगल सर्विसेज (एयूसीएल) के फाउंडर अक्षत खेतान ने बताया कि यह ग्राउंडब्रेकिंग कैम्पेन, ऑनलाइन एब्यूज के लगातार फैलते जा रहे डर को लेकर जागरूकता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करेगा, साथ ही हेल्पलाइन नंबर 9019115115 के जरिए, तत्काल और भरोसेमंद सहायता प्रदान करेगा। ब्रांड एंबेसडर ताहा शाह बादुशा ने कहा कि साइबरबुलिंग और साइबर हैरेसमेंट से निपटने वाली व्हाट नॉउ की इस ग्राउंडब्रेकिंग इनीशिएटिव का हिस्सा बनने पर मुझे गर्व है।